उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग,
पिकप भवन, तृतीय तल, गोमतीनगर,
लखनऊ – 226010

संख्या-266 /11/कम्प्यूटर अनुभाग (बारह)/2026/10-परीक्षा/2026

लखनऊ : दिनांक : 18 नवम्बर, 2026

आवश्यक सूचना

आयोग के विज्ञापन संख्या-10-परीक्षा/2026, प्लाटून कमाण्डर / ब्लाक आर्गनाइजर मुख्य परीक्षा (प्रा०अ०प0-2025)/11 के अंतर्गत होमगार्ड्स मुख्यालय, उत्तर प्रदेश, लखनऊ के नियंत्रणाधीन प्लाटून कमाण्डर के 52 पदों व ब्लाक आर्गनाइजर के 243 पदों , कुल रिक्त 295 (52+243) पदों पर चयन हेतु मुख्य परीक्षा दिनांक 22-11-2026 को पूर्वाह्न 10:00 बजे से 12:00 बजे तक आयोजित किया जाना प्रस्तावित है। उक्त के क्रम में आयोग की आवश्यक सूचना संख्या-259/11/कम्प्यूटर अनुभाग (बारह)/2026/10-परीक्षा/2026, दिनांक 12-11-2026 द्वारा परीक्षा जनपद की अग्रिम सूचना सम्बन्धी विवरण आयोग की वेबसाइट पर जारी किया गया था।

तदनुक्रम में सम्बन्धित अभ्यर्थियों को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि प्रश्नगत विज्ञापन की मुख्य परीक्षा हेतु प्रवेश पत्र आयोग की वेबसाइट upsssc.gov.in पर जारी कर दिये गये हैं। सम्बन्धित अभ्यर्थी आयोग की वेबसाइट पर उपलब्ध प्रवेश पत्र सम्बन्धी लिंक पर क्लिक कर वांछित प्रविष्टियां अंकित करते हुए अपने प्रवेश पत्र दिनांक 18-11-2026 से डाउनलोड कर सकते हैं। अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि वे अपने प्रवेश पत्र आयोग के अधिकृत Android मोबाइल एप एवं पंजीकृत ई-मेल पर प्रेषित लिंक के माध्यम से भी डाउनलोड कर सकते हैं।

अभ्यर्थियों से यह अपेक्षा की जाती है कि वह प्रवेश पत्र में अंकित निर्देशों का भली-भांति अध्ययन कर लें तथा निर्धारित परीक्षा केंद्र पर नियत तिथि एवं समय पर वैध प्रवेश पत्र के साथ उपस्थित होना सुनिश्चित करें। **मुख्य परीक्षा में सम्मिलित होने हेतु अभ्यर्थी को वैध प्रवेश पत्र लाना अनिवार्य है।**

महत्वपूर्ण नोट- मुख्य परीक्षा हेतु निर्धारित शुल्क जमा करने के उपरान्त ही अभ्यर्थी अपना प्रवेश पत्र डाउनलोड कर सकेंगे।

18/11/2026
(सुभाष चन्द्र प्रजापति)
परीक्षा नियंत्रक।